# भाषा अभ्यास

( कक्षा-पाँचवीं )



प्रकाशन विभाग

**डी.ए.वी. कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति**

चित्रगुप्त मार्ग, नयी दिल्ली-110055

# विषय-सूची


| क्रम संख्या | पाठ | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | दिमागी लड़ाई | 1 |
| 2. | लौह पुरुष | 6 |
| 3. | पेड़ | 11 |
| 4. | पूरे एक हज़ार | 16 |
| 5. | दो पहलवान | 17 |
| 6. | नदी यहाँ पर | 21 |
| 7. | पतीले की मृत्यु | 25 |
| 8. | टपके का डर | 26 |
| 9. | अजंता की सैर | 30 |
| 10. | ये बात समझ में आई नहीं... | 35 |
| 11. | बिरसा मुंडा | 36 |
| 12. | मनभावन सावन | 40 |
| 13. | प्रिय पौधा | 44 |
| 14. | बुद्धिमान राजा | 48 |
| 15. | अँधेर नगरी | 51 |
| 16. | चाँद का कुर्ता | 56 |
| 17. | हार की जीत | 60 |
| 18. | बेट्टिना का साहस | 64 |
| 19. | लौट आया आत्मविश्वास | 69 |
| 20. | कोशिश करने वालों की हार नहीं होती | 70 |

पाठ 1

# दिमागी लड़ाई



- मेरी **सल्तनत** का...
- **जल्दी** से बुलवाओ।
- **ताज्जुब** है....
- **तुम्हारा** भला इसी में है...
- निरे **बच्चे** हो!
- तुमने **छुट्टी** कर दी।

**1. ऊपर दिए गए वाक्यों में मोटे काले शब्दों पर ध्यान दीजिए और उन्हें नीचे लिखिए–**

(क) ............................ (ख)............................ (ग)............................

(घ) ............................ (ङ)............................ (च)............................

**2. नीचे दिए गए वाक्यों को सही शब्द से पूरा कीजिए–**

(क) गणित के सवाल हल करना ..................... खीर है। (टेड़ी/टेढ़ी)

(ख) मेरे घर के पीछे आम का एक ..................... पेड़ है। (बढ़ा/बड़ा)

(ग) रवि ने दीवार में कील .....................। (गाड़ी/गाढ़ी)

(घ) रंग का घोल काफ़ी ..................... हो गया है। (गाढ़ा/गाड़ा)

(ङ) मैं दो कदम आगे .....................। (बड़ा/बढ़ा)



**3. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए–**

(क) सल्तनत = ..............................................................................................................

(ख) जल्दी = ..............................................................................................................


(ग) ताज्जुब = ..........................................................................................................

(घ) तुम्हारा = ..........................................................................................................

(ङ) छुट्टी = ..........................................................................................................

**4. सल्तनत से जुड़े कुछ चित्र नीचे दिए गए हैं। इनके नाम लिखिए–**







...................................... ...................................... ......................................







...................................... ...................................... ......................................

**5. एक दिन, पड़ोसी सुलतान–यहाँ पर 'एक' शब्द 'दिन' और 'पड़ोसी' शब्द 'सुलतान' की विशेषता बता रहे हैं। विशेषता बताने वाले शब्द को 'विशेषण' कहते हैं।**
**अब पाठ में से नीचे लिखे शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द छाँटकर लिखिए–**

(क) ........................................ लकीर

(ख) ........................................ खिलौने

(ग) ........................................ लड़ाई

(घ) ........................................ दरबारियों

(ङ) ........................................ आदमी

(च) ........................................ सामान

**6. नीचे दिए गए वाक्यों को बोल-बोलकर पढ़िए–**


(क) मैं क्या जानूँ?

(ख) उसने ऐसा क्यों किया भला?

(ग) क्यों आया है यह?

(घ) ओफ्फो! मैं बरबाद हो गया?

(ङ) क्यों भाई! क्या हो गया आखिर?



**7. पढ़िए और समझिए–**

जब हम भावों पर बल देते हैं तो अक्सर हमारी वाक्य-संरचना बदल जाती है, जैसे–

- क्यों आया है यह?

इस वाक्य में **'क्यों'** (कारण) पर बल है। हम किसी के आने का कारण जानना चाहते हैं इसलिए 'क्यों' पहले आया है। इस वाक्य को सामान्य हिंदी वाक्य-रचना के अनुसार इस प्रकार लिखा जाता–

- यह क्यों आया है?

**8. नीचे दिए गए वाक्यों को सामान्य हिंदी वाक्य-रचना के अनुसार लिखिए–**

(क) उसने ऐसा क्यों किया भला?

..........................................................................................................

(ख) यह था आपके तख़्त के चारों ओर लकीर खींचने का मतलब।

..........................................................................................................


(ग) पर वह कुछ समझ तो सका न?

..........................................................................................................

(घ) क्या हो गया आखिर?

..........................................................................................................

9. नीचे दी गई शब्द-सीढ़ियों को चित्रों की सहायता से पूरा कीजिए–



10. नीचे दी गई चित्रकथा में अपने संवाद लिखिए–



पाठ 2

# लौह पुरुष



- "विट्ठल मुंबई में पढ़ रहा है," पिता ने समझाते हुए कहा।
- सारा देश उन्हें सरदार पटेल के नाम से जानने लगा।

**1. ऊपर दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए—**

(क) .................................. (ख) ..................................

(ग) .................................. (घ) ..................................

(ङ) .................................. (च) ..................................

**2. इनमें से वे संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए जो किसी व्यक्ति या स्थान के विशेष नाम हैं—**

(क) ..................................

(ख) ..................................


(ग) ..................................



- जिस संज्ञा शब्द से किसी वर्ग के सभी प्राणियों, वस्तुओं या स्थानों का बोध हो, उसे **'जातिवाचक संज्ञा'** कहते हैं, जैसे—पिता, देश।
- जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु के नाम का बोध हो, उसे **'व्यक्तिवाचक संज्ञा'** कहते हैं, जैसे—विट्ठल, मुंबई, सरदार पटेल।

3. **नीचे दिए गए चित्रों के आधार पर जातिवाचक और व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखिए–**

(क)  ........नदी........ < ........गंगा........ / ........यमुना........

(ख)  ........................ < ........................ / ........................

(ग)  ........................ < ........................ / ........................

(घ)  ........................ < ........................ / ........................

(ङ)  ........................ < ........................ / ........................

4. **नीचे दी गई वर्ग पहेली में से उचित संज्ञा शब्द छाँटकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) ............................... सदा कीचड़ में ही खिलता है।

(ख) ............................... के साथ काँटे भी होते हैं।

(ग) राहुल ने ............................... ऊपर उछाली।

(घ) ............................... पर रोशनी की।

(ङ) भारतीय ............................... ने विजय प्राप्त की।

(च) मुझे .................. खाना अच्छा लगता है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अ | से | ना | ति | गें |
| भ | प | रु | खा | द |
| व | बि | क | था | चि |
| न | डि | म | ही | ली |
| ध | फू | ल | रा | ची |

5. **नीचे दिए गए अनेक शब्दों के स्थान पर एक संज्ञा शब्द लिखिए–**

(क) जिसके आने की तिथि निश्चित न हो – ..................................................

(ख) जो भारत में रहता हो – ..................................................

(ग) जहाँ छात्र रहते हों – ..................................................

(घ) नगर में रहने वाला – ..................................................

(ङ) एक माह में होने वाला – ..................................................

6. **ध्यानपूर्वक पढ़िए–**

- **मैं** आगे पढ़ना चाहता हूँ।
- **मुझे** पढ़ने की अनुमति दे दीजिए।
- **मेरे** आने के बाद **तुम** चले जाना।
- देश **उन्हें** लौह पुरुष के नाम से याद करता है।
- **वह** दिन आया।



**जो वाक्य आपने पढ़े, उन वाक्यों में से मोटे काले शब्दों को छाँटकर लिखिए–**

(क) ................................ (ख) ................................ (ग) ................................

(घ) ................................ (ङ) ................................ (च) ................................

> जो शब्द संज्ञा शब्दों के स्थान पर आते हैं, उन्हें **'सर्वनाम'** कहते हैं, जैसे–मैं, तुम, वह, उसका, आदि।

7. **नीचे दिए गए अनुच्छेद को सही सर्वनाम शब्दों से पूरा कीजिए–**

एक दिन खुश होकर पेड़ ने चिड़िया को दो फूल दिए। ............................ बहुत सुंदर थे। चिड़िया ने सोचा, "........................ एक फूल माली को दे दूँगी।" ........................ पंख फड़फड़ाए और उड़ चली, माली के पास। उड़ते-उड़ते .................. एक बगीचा नज़र आया। .................. भी सुंदर फूल खिले थे। ................ खुशबू से पूरा बगीचा महक रहा था। तभी ................ माली नज़र आया। ...................... माली के पास पहुँची और पूछा, " .................. कैसे हैं? ...................... ...................... लिए फूल लाई हूँ।" .................. चिड़िया से फूल लिया और .................. धन्यवाद कहा।

8. **नीचे दिए गए शब्दों में सही जगह पर बिंदु ( ं ) या चंद्रबिंदु ( ँ ) लगाइए–**

(क) करूगा (ङ) आशाए

(ख) स्वतत्रता (च) प्रारभ

(ग) पहुचा (छ) गाधी

(घ) सबध (ज) आसू



**9. नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप से वाक्यों को पूरा कीजिए–**

(क) मेरी दोनों ................................ में जलन हो रही है। [आँख]

(ख) नानी मुझे ................................ सुनाती हैं। [कहानी]

(ग) राहुल की ................................ चल रही हैं। [परीक्षा]

(घ) नेताजी ने अनेक जन– ................................ में भाषण दिए। [सभा]

(ङ) ................................ पढ़ रहे हैं। [बच्चा]

**10. अगर आपके और आपके भाई के बीच में नई घड़ी को लेकर झगड़ा हो जाए तो आप उसे कैसे सुलझाएँगे? इस आधार पर संवाद लिखिए–**

आप : ................................................................................................

भाई : ................................................................................................

आप : ................................................................................................

भाई : ................................................................................................

आप : ................................................................................................

भाई : ................................................................................................

आप : ................................................................................................

भाई : ................................................................................................

आप : ................................................................................................

भाई : ................................................................................................

पाठ 3

# पेड़


1. 'पेड़' कविता में से कोई पाँच संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए–

(क) .............................. (ख) .............................. (ग) ..............................

(घ) .............................. (ङ) ..............................

2. ध्यानपूर्वक पढ़िए–

- हड़बड़ करते **भागेंगे**
- चाय **पिएँगे**
- वे रुमझुम-रुमझुम **नाचेंगे**
- पत्तों की थाली से
  खाना **खाएँगे**
- पीठ **खुजाएगी** गइया
- बच्चे छाँव में **खेलेंगे**



**अब ऊपर दी गई पंक्तियों में से उन शब्दों को छाँटकर लिखिए जिनसे किसी काम के करने या होने का पता चलता है–**

(क) ...........................

(ख) ...........................


(ग) ...........................

(घ) ...........................


(ङ) ...........................

(च) ...........................

3. **नीचे दिए गए चित्रों के आधार पर वाक्य लिखिए और क्रिया शब्दों पर घेरा लगाइए–**

(क)  ..........................................................................................

(ख) .............................................................................................. 

(ग)  ..........................................................................................

4. **नीचे दी गई वर्ग पहेली में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–**

(क) ..............................   (ख) ..............................

(ग) ..............................   (घ) ..............................

(ङ) ..............................   (च) ..............................

(छ) ..............................   (ज) ..............................

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैं | वे | मु | तू |
| तु | म | झे | र |
| म | य | ह | न |
| हें | क | उ | स |

5. **नीचे दिए गए शब्दों के एकवचन अथवा बहुवचन रूप लिखिए–**

(क) चादर = ..................................   (ग) तारों की = ..................................

(ख) आँखें = ..................................   (घ) सपने में = ..................................

6. **नीचे दिए गए शब्दों के विपरीत अर्थ वाले शब्द छाँटकर लिखिए–**

| | |
|---|---|
| कुरूप | |
| धूप | |
| पुरानी | |
| शुष्क | |

(क) सुंदर = ............................ (ग) नम = ............................

(ख) नई = ............................ (घ) छाँव = ............................

7. **नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्दों पर घेरा लगाइए–**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | घर | – | मकान | गृह | कानन | भवन |
| (ख) | पक्षी | – | खग | चिड़िया | सरिता | पंछी |
| (ग) | पेड़ | – | वृक्ष | तरु | सुमन | पादप |
| (घ) | धरती | – | ज़मीन | पाताल | धरा | भूमि |
| (ङ) | आँख | – | चक्षु | अंबु | नेत्र | नयन |



8. **नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए–**



- पंछी घर **को** लौटेंगे।
- अपने बिस्तर **में** पड़े हुए हैं।
- धरती **के** रोशनदानों **से** चोरी–चोरी झाँकेंगे।

इन वाक्यों में संज्ञा शब्दों का क्रिया से संबंध बताने के लिए कुछ चिह्नों जैसे–को, में, के, से का प्रयोग किया जाता है। इन्हें **'परसर्ग ( कारक चिह्न )'** कहते हैं।

9. **नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए और लिखिए कि काम को कौन कर रहा है–**

| वाक्य | काम/क्रिया | करने वाला |
|---|---|---|
| (क) बच्चे छाँव में खेलेंगे। | ................................... | ................................... |
| (ख) सभी पेड़ सो जाएँगे। | ................................... | ................................... |
| (ग) सूरज ने बीजों को उठाया। | ................................... | ................................... |

> वाक्य में जिस संज्ञा या सर्वनाम पद से क्रिया (काम) के करने वाले का पता चलता है, उसे **'कर्ता कारक'** कहते हैं।

पहले वाक्य में 'बच्चे' खेलने का काम कर रहे हैं। दूसरे वाक्य में 'पेड़' सोने का काम कर रहे हैं। तीसरे वाक्य में 'सूरज' बीजों को उठाने का काम कर रहा है, इसलिए 'बच्चे', 'पेड़', 'सूरज' **'कर्ता कारक'** हैं।

'सूरज' कर्ता कारक के साथ 'ने' का प्रयोग हुआ है। यह **'कर्ता कारक का चिह्न'** है। कर्ता कारक के साथ 'ने' का प्रयोग हो भी सकता है और नहीं भी, जैसे पहले और दूसरे वाक्य में 'ने' का प्रयोग नहीं हुआ है।

10. **नीचे दिए गए वाक्यों में कर्ता कारक के नीचे रेखा खींचिए–**

(क) हवा कहेगी झूम-झूम।

(ख) पंछी घर को लौटेंगे।

(ग) गइया ने पीठ खुजाई।

(घ) चंदा चमकेगा।

(ङ) बच्चे छाँव में खेलेंगे।



11. हमारे जीवन में 'पेड़ों के महत्त्व' के बारे में बताते हुए अनुच्छेद लिखिए–

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

पाठ 4

# पूरे एक हज़ार

आप अपने लिए ईश्वर से क्या प्रार्थना करते हैं, लिखिए–

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................

..................................................................



..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................